सुनु मुनि तोहि कहउँ सहरोसा । भजहिं जे मोहि तजि सकल भरोसा ।।
करउँ तिन्ह कै रखवारी । जिमि बालक राखइ महतारी ।।
|| Ram Katha 961 - ॐमानस राम रक्षा || Mombasa (Kenya) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 32 | इंदौर, गुरुवार 14 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक नए शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा

### अब कोई भी अन्याय सहन नहीं होगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान" के तहत आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नए दौर में प्रवेश कर चुका है और अब कोई भी अन्याय सहन नहीं किया जाएगा। हमारी जांबाज सेना ने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर भारत की शक्ति का परिचय कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता" अभियान की यात्रा में शामिल हुए। पूरा शहर राष्ट्र की आन-बान-शान तिरंगे के रंग में रंगा और शहर में देशभक्ति के जोश और जुनून का अद्भूत वातावरण देखने को मिला। पूरा शहर देशभक्ति पर आधारित गीतों और वंदे मातरम तथा भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान हो गया।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और यात्रा का पूरे मार्ग पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस विशाल यात्रा के हजारों नागरिक सहभागी और साक्षी बने। समाज के हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म के लोग जोश और जुनून के साथ शामिल हुए। यात्रा में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री महेंद्र हार्डिया, श्री मनोज पटेल, श्री मधु वर्मा, पूर्व विधायक श्री जीतू जिराती तथा श्री सुदर्शन गुप्ता, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया, श्री सुमित मिश्रा तथा श्री श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी साथ थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, और यहां के नागरिकों को लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक नए शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है और हमारे तिरंगे की आन, बान और शान पहले से कहीं अधिक बुलंद हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे लिए गौरव का विषय है कि 15 अगस्त को हमारा देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मनायेगा। इस अवसर को अविस्मरणीय बनाने के लिए "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता" अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय पर्व को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाने के लिए सभी जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। वहीं दूसरी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को मूर्त रूप देने के लिए जन-जन तक स्वच्छता का अलख भी जगाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए इंदौर नगर निगम के स्मार्ट इंदौर हेल्पलाइन (वाट्सएप चेटबॉट सेवा) का शुभारंभ भी किया।

## अवकाश की सूचना

**स्वतंत्रता दिवस की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा।**

- संपादक

# मुझे विश्वास है कि 'स्वार्थपरक राजनीति' का यह दौर अब बहुत दिनों तक नहीं चलेगा

आज हम अपनी आजादी का जश्न मना रहे हैं. लेकिन आजाद देश में हमारे प्यारे देशवासियों को ऐसा भी दिन देखना पड़ेगा..., कि जब अपने स्वार्थ के लिए राजनीति को न केवल गंदा कर दिया जाएगा, बल्कि कुर्सी और सत्ता पाने के लिए राजनेता हर हद को पार कर जाएंगे...

आजाद भारत में वर्तमान की राजनीति का दौर किसी से छिपा नहीं है... हर जगह राजनीति का चीरहरण हो रहा है और इस चीरहरण को रोकने वाला कोई नहीं है... देश को आजाद कराने की लड़ाई में जहां राजनेता सबसे आगे रहकर अपने प्राणों तक की परवाह नहीं करते थे और उस समय के दौर में राजनीति में आने का उद्देश्य केवल जनसेवा ही रहता था... वही उद्देश्य आज बदल गया है...

बात चाहे किसी भी राज्य की हो... हर जगह एक ही वास्तविकता लोगों के सामने है कि जिन राजनेता पर उन्होंने विश्वास किया है..., उनमें






अधिकांश ने उन्हें धोखा ही दिया है... जनता जो चुनाव के समय इन नेताओं के लिए वोट की खातिर बहुत ही खास हो जाती है..., वह सोचता है कि मैंने किन पर विश्वास कर लिया... राजनीति में आकर अपने स्वार्थ के लिए नेता उसी जनता को धोखा दे रहे हैं, जिस जनता ने उन्हें अपना जनप्रतिनिधि बनाते हुए चुना है...

जनता सोचती है कि मैंने यह क्या कर दिया... जिस नेता और पार्टी पर विश्वास कर वोट दिया वह क्या कर रहा है... वह सोचता है कि कि हम अंधे हैं.. हम बहरे हैं हम लूले और लंगड़े भी..., अभी लूट लो हमको..., दे दो हमको धोखा.... यह भारतीय राजनीति का यह अवसरवादी चेहरा अभी हमने देख लिया है..., लेकिन मुझे विश्वास है कि यह बहुत दिनों तक नहीं चलेगा...आखिर कब तक आजादी के बाद भी हम इन राजनेताओं के इशारों पर चलते रहेंगे... एक दिन तो आएगा... जब राजनीति को गंदा करने वालों को सबक सिखाया जाएगा... जनहित की वास्तविक सरकार की प्रजातंत्रीय भूमिका में होगा... राष्ट्रहित और जनहित की समस्याओं का निराकरण होगा... वही दिन गंदी राजनीति से आजादी का दिन होगा...

उम्मीद पर दुनिया कायम है इसी आशा के साथ स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

editor@dgr.co.in

### मंत्री विजयवर्गीय बोले- मैं कलेक्टर-महापौर से बात करूंगा

# रात्रिकालीन सराफा चौपाटी का विरोध

### व्यापारियों ने किया मौन प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सराफा बाजार में जहां दिनभर सोने-चांदी का व्यापार होता है। वहीं रात में चौपाटी लग जाती है। इस चौपाटी को लेकर सराफा एसोसिएशन के व्यापारियों में नाराजगी है। वे इस चौपाटी को यहां से शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर व्यापारियों ने बुधवार दोपहर को सराफा बाजार चौराहे पर मौन प्रदर्शन किया। जिसमें कई व्यापारी शामिल हुए। व्यापारी हाथों में तख्तियां लेकर बैठे नजर आए।

इस मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बयान भी सामने आया है। मंत्री विजयर्गीय ने कहा कि वे कलेक्टर और महापौर से कहेंगे कि सराफा की पहचान परंपरागत फूड से है। वहां ऐसे जितने भी फूड स्टॉल लगे हैं, जो पारंपरिक नहीं है, उन्हें दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा सकता है क्या? मैं कलेक्टर और महापौर से इस विषय में बात करूंगा। बता दें कि पिछले दो साल से सराफा चौपाटी का विरोध व्यापारियों द्वारा किया जा रहा है। क्योंकि यहां पर पहले से काफी ज्यादा दुकानें लगने लगी है। कई दुकानों पर ग्राहकों के सामने ही व्यंजन तैयार करके दिया जाता है, इसके लिए वे गैस का इस्तेमाल करते हैं। बड़ी संख्या में लोग भी यहां रहते हैं। किसी दिन भी बड़ा हादसा होने का खतरा है। मौन प्रदर्शन के दौरान व्यापारी अपने हाथों में तख्तियां लेकर बैठे नजर आए। इन तख्तियों पर लिखा था बाजार की आवाज चौपाटी हटे आज, सराफा बाजार करे पुकार चौपाटी हटे इस बार, चौपाटी हटेगी तो सराफा मिलेगा, व्यापार में फिर रंग दिखेगा, चौपाटी हटाओ सराफा बचाओं, सुरक्षित सराफा चौपाटी मुक्त सराफा। इसके साथ ही सराफा के आसपास लगे 13 व्यापारिक संगठनों ने व्यापारियों के इस मौन प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी सहमति दी।

# उत्तम शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा है। यह अमृतकाल चल रहा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में भारत, जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कतार में है। 2047 में भारत विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा और इस बात की पूरी संभावना है कि भारत अमेरिका और चीन जैसे शक्तिशाली देशों को भी पीछे छोड़ देगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल इंदौर के रवीन्द्र नाट्य गृह में आयोजित "इंदौर जिद्दी है, अब लड़ेंगे डायबिटीज और मोटापे से" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर अतिथियों ने "इंदौर जिद्दी है, अब लड़ेंगे डायबिटीज और मोटापे से" कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही अतिथियों ने स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन करने के साथ आधुनिक मशीनों पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण भी कराया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगे कहा कि आज "राईट टू एजुकेशन और राईट टू हेल्थ" हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और अब राईट टू स्क्रीनिंग का अधिकार भी मिल गया है। अतः अब हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की जांच कराना चाहिए, ताकि वह पूर्णतः स्वस्थ रह सकें। देश में डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कैंसर, मोटापे आदि रोगों के मरीज तेजी से बढ़ते जा रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey Since 2002...



आँख मूंदकर न तय करें रिश्ता...
सतर्कता एवं सजगता अत्यावश्यक है।
सभी प्रकार की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, कानूनी, सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य...
सबूत/प्रमाण हेतु... मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...

कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!
DETECTIVE GROUP®
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

9111050101
9111050101
7312433667

# पुलिस विभाग द्वारा देशभक्ति और स्वच्छता की अलख जगाने निकाली गई भव्य तिरंगा रैली

## प्रथम/15वीं वाहिनी के 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी तिरंगा रैली में हुए शामिल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिम क्षेत्र) वि.स. बल, इन्दौर श्री चन्द्रशेखर सोलंकी के सानिध्य में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता उत्सव स्वतंत्रता के संग" अभियान के अन्तर्गत श्रीमती हितिका वासल, सेनानी, प्रथम/15वीं वाहिनी विसबल, इन्दौर के निर्देशन में एवं श्री पंकज शर्मा, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, पश्चिम क्षेत्र, इन्दौर उप सेनानी श्री अरविन्द सूर्या, प्रथम वाहिनी एवं उप सेनानी श्री विशाल सिंह, 15वीं वाहिनी के नेतृत्व में "तिरंगा रैली" का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली 15वीं वाहिनी विसबल इन्दौर परिसर से प्रारंभ होकर डीआरपी लाईन चौराहा, लौखण्डे पुल, रामबाग तिलक पथ रोड़ से होते हुए प्रथम वाहिनी विसबल, इन्दौर परिसर में समाप्त हुई। तिरंगा रैली में प्रथम/15वीं वाहिनी के लगभग 200 अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मय वाहन के उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। तिरंगा रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन में देशभक्ति एवं अपने आसपास की स्वच्छता की भावना को जागृत करना था। तिरंगा रैली का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



# नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ जारी रहेगी ठोस कार्रवाई : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## 56.52 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों को 339 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का किया अंतरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नशा परिवार, समाज और देश की खुशहाली और समृद्धि को कई गुना पीछे ले जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 5 वर्ष पहले की थी। नशा मुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प की सिद्धि के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।**



प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकानों और बार पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रदेश में "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान का सफल संचालन किया गया। पुलिस नशा कारोबारियों के मास्टरमाइंड पर शिकंजा कस रही है। नशा मुक्त मध्यप्रदेश के लिए कानून के साथ सामाजिक जागरूकता की दिशा में भी काम किया जा रहा है। सरकार समाज से नशे की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पित हैं। भोपाल पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की है। कोई कितना भी पहुंच वाला क्यों न हो, आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को रवींद्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय वृहद नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित किया।

### विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कारों का हुआ वितरण



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख 52 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से अंतरण भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और नशा मुक्ति पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2023-24 के लिए विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार भी वितरित किए। इसके अंतर्गत शुद्धि नशामुक्ति केंद्र के अध्यक्ष राजीव तिवारी, शहीद भगत सिंह सेवा समिति से सुजीत कुमार द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस उप-आयुक्त इंदौर राजेश दंडोतिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा प्रशांत चौबे और उप पुलिस अधीक्षक हॉकफोर्स बालाघाट संतोष पटेल को पुरस्कार प्रदान किया गया।

### महिला और बच्चे के शव बरामद

**गुना।** मंगलवार को बहे महिला और बच्चे के शव बुधवार को मिले हैं। बुधवार सुबह एसडीईआरएफ की सर्चिंग में महिला का शव घटनास्थल से करीब 70 मीटर दूर मिला। जबकि दोपहर करीब साढ़े 3 बजे बच्चे का शव घटना स्थल से 50 मीटर दूर मिला। घटना चांचौड़ा इलाके के रामपुरा गांव की है। चांचौड़ा एसडीएम रवि मालवीय ने बताया कि मंगलवार शाम रामपुरा गांव का ही रहने वाला अंकित (12) पार्वती नदी में नहा रहा था। पास में एक महिला सपना किनारे पर कपड़े धो रही थी। इसी दौरान अंकित गहरे पानी में चला गया और बह गया। उसे बहते देख उसकी सपना ने भी नदी में छलांग लगा दी। चूंकि नदी का बहाव काफी तेज था, इसलिए दोनों उसमें बह गए।

### वैनगंगा में डूबे तीन युवक

**बालाघाट।** रामपायली थाना क्षेत्र के बेनी में मंगलवार शाम वैनगंगा नदी में डूबे दो युवकों का शव बुधवार सुबह मिल गया। 22 घंटे बाद शाम करीब 4 बजे तीसरे युवक का शव भी मिल गया। मोहित बुर्डे का शव 16 घंटे बाद घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर डोंगरली घाट पर मिला। वहीं, दूसरे अखिल का शव 20 घंटे बाद घटनास्थल से तकरीबन 5 किलोमीटर दूर डांगरोली के आगे मिला। अखिल और मोहित दोनों मौसेरे भाई थे, जबकि महाराष्ट्र के भंडारा अंतर्गत गणेशपुर निवासी राकेश की तलाश की जा रही थी।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE

समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111050101


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## संपादकीय

# आजादी से पहले हुआ सबसे बड़ा नरसंहार

संदूक, बक्सा, पेटी, तिजोरी या गठरी... जो व्यक्ति जिस चीज को समेट सका उसने वह समेटा और चल पड़ा लंबे सफर पर। कुछ तो ऐसे भी थे, जिन्हें पूरी की पूरी हवेली छोड़नी पड़ी। वो अपने तन पर एक जोड़ी कपड़े लेकर ही भाग निकले। क्योंकि उन्हें गहनें-जेवरात या दौलत से ज्यादा चिंता अपने परिवार और खासतौर पर परिवार में शामिल महिलाओं की थी। ये घटनाएं घटी थीं आज के हिंदुस्तान और पाकिस्तान में। भारत की आजादी से एक दिन पहले यानी 14 अगस्त। अंग्रेजों ने पाकिस्तान को इस दिन ही आजाद मुल्क घोषित कर दिया। ये वो समय था, जब करोड़ों की तादाद में लोग विस्थापित हो रहे थे। पाकिस्तान में दशकों से रह रहे हिंदू परिवार अपना घर-द्वार छोड़कर भारत की तरफ पलायन कर रहे थे। बड़ी तादाद में मुस्लिम भी पाकिस्तान जा रहे थे। लेकिन पाकिस्तान की आजादी का ऐलान होते ही ये पलायन हिंसक नरसंहार में तब्दील हो गया। अचानक हुए पलायन के चलते लाखों की तादद में लोग सड़कों पर काटे जाने लगे। महिलाओं और छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म हुआ। दंगे, लूट की घटनाओं से मानवता शर्मसार हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तब दोनों तरफ के 10 लाख से ज्यादा लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा और करीब 83 हजार महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ। इनमें छोटी-छोटी बच्चियां भी शामिल थीं। हालात इतने बद से बदतर होते गए कि बंटवारे की लकीर के दोनों तरफ समूह बनाकर लोग पलायन करने वालों पर हमला करने लगे। बंटवारे के बीच सालों-साल तक साथ रहने वाली पीढ़ियां अचानक एक-दूसरे की दुश्मन बन गईं। इतिहासकार यह मानते हैं कि यह बंटवारा बेहद जल्दबाजी में किया गया। दरअसल, उस समय ब्रिटिश हुकूमत की तरफ से अंतिम गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटन के पास बंटवारे की जिम्मेदारी थी। वो चाहते थे कि किसी भी तरह से दोनों देशों का बस बंटवारा हो जाए। अंग्रजों को शुरू से ही यहां रहने वाले नागरिकों की कोई फिक्र नहीं थी। दूसरी तरफ माउंटबेटन ब्रिटिश सैनिकों को भी जल्द से जल्द भारत से निकालकर ब्रिटेन ले जाना चाहते थे। सबसे आश्चर्य की बात तो यह थी कि इस बंटवारे के लिए लकीर खींचने का काम जिस अंग्रेज अफसर सीरिल रेडक्लिफ को सौंपा गया था, वह कुछ हफ्ते पहले ही भारत आए थे। रेडक्लिफ को इतना कम समय मिला कि उन्होंने इतिहास-भूगोल को जाने समझे बिना ही एक लकीर खींच दी और दुनिया में दो नए देशों का जन्म हो गया। 14 अगस्त को ही अंग्रेजी हुकुमत से आजाद होकर दो देश भारत और पाकिस्तान अस्तित्व में आए।




## OSHO कहिन



**“आपके पास जो भी समय है, उसे पूरी तरह से जियो।”**

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

"एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com

New Delhi

# देश में 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम ले जाने के आदेश के बाद छिड़ी बहस के बीच नई जानकारी समाने आई है।

केंद्र सरकार ने आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ने और लावारिस पशुओं द्वारा आमजन को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं पर चिंता जताई है। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने ऐसे पशुओं पर नियंत्रण के लिए मास्टर एक्शन प्लान बनाया है। तीनों मंत्रालयों ने सभी राज्यों को एक एडवाइजरी भेजी है। इसमें कहा गया है कि देश में 1.53 करोड़ आवारा कुत्ते हैं। इनमें 70% का वैक्सीनेशन व नसबंदी एक साल में करने का टारगेट रखा गया है।इसके अलावा 2019 की पशु गणना के अनुसार देश में 50 लाख बेसहारा पशु हैं। इस अभियान में पहली बार ग्राम पंचायतें भी जुड़ेंगी। अभियान के लिए राज्यों को एनिमल वेलफेयर बोर्ड की मदद लेने को कहा गया है। बता दें कि तीनों मंत्रालयों ने यह कदम केंद्र को आवारा कुत्तों के काटने और बेसहारा पशुओं के कारण हो रहे हादसों की हजारों शिकायतें मिलने के बाद उठाया है।

Chhattisgarh

## पोती ने अपने दादा की हत्या कर दी

**बलौदाबाजार, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले एक पोती ने अपने दादा की बेरहमी से हत्या कर दी। छात्रा पढ़ाई और काम के समय अक्सर मोबाइल चलाती थी जिसका विरोध उसके दादा करते थे। मंगलवार को वह घर में फोन चला रही थी। दादा ने उसे मोबाइल चलाने से मना किया तो वह गुस्से में आ गई और अपने दादा पर जानलेवा हमला कर दिया। मौके पर ही दादा की मौत हो गई। दादा की हत्या करने के बाद छात्रा पुलिस को भी गुमराह करती रही। हालांकि, सख्ती से पूछताछ करने पर उसने जुर्म कबूल कर लिया और वारदात वाले दिन की सारी सच्चाई पुलिस को बता दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है और बाल सुधार गृह भेजा है। मामला जिले के पलारी थाना क्षेत्र के अमेरा गांव का है।

खेल

## जेडन सील्स ने तोड़ा डेल स्टेन का 12 साल पुराना रिकॉर्ड विकेटों का छक्का लगाकर दिलाई विंडीज को जीत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने मंगलवार को घातक गेंदबाजी की और टीम को तीसरे वनडे में पाकिस्तान पर जीत दिलाई। टैरोबा में खेले गए इस मुकाबले में जेडन ने कुल छह विकेट हासिल किए और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। बता दें कि, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने छह विकेट पर 294 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम 92 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

इस मुकाबले में जेडन सील्स ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 2.45 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 7.2 ओवर में सिर्फ 18 रन खर्च किए और छह विकेट चटकाए। पाकिस्तान के खिलाफ यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसी के साथ सील्स ने डेल स्टेन के 12 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दरअसल, स्टेन ने 2013 में केबेरहा में नौ ओवर में 39 रन देकर छह विकेट झटके



थे। अब सील्स ने यह कारनामा 7.2 ओवर में ही कर दिखाया। उन्होंने पाकिस्तान के सईम अयूब, अब्दुल्लाह शफीक, मोहम्मद रिजवान, बाबर आजम, नसीम शाह और हसन अली को अपना शिकार बनाया।

वेस्टइंडीज की टीम ने 34 साल के लंबे इंतजार के बाद पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज जीती और यह नतीजा उनकी सुनहरी यादों में शामिल हो गया। मुश्किल पिच पर बल्लेबाजी करते हुए टीम ने शुरुआती 20 ओवर में तीन रन प्रति ओवर से भी धीमी गति से रन बनाए, लेकिन कप्तान शाई होप ने धैर्य और आक्रामकता का शानदार मेल दिखाते हुए शतक जड़ा।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-9110 50101
www.detectivegroup.in

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....
व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....
कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...
जांचिए ! परखिये !!
ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए
"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...
गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।
समाज में जागरुकता फैलाये।
FOLLOW US
DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.
091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


## Highlights

1. Rabies causes 20,000 deaths in India every year: WHO's estimate
2. EC colluding with BJP to steal votes in Bihar: Tejashwi Yadav
3. What is the controversy over orders banning meat on Independence Day?
4. 5 dead, 15 injured as bus collides head-on with truck in UP's Jaunpur
5. Man linked to gangster Goldy Brar held for blast at Badshah's club
6. Hindu temple vandalised in US with anti-India graffiti, Khalistani extremists' role suspected
7. Heavy to extremely heavy rainfall warning issued for several states, list released
8. 40 detained for marching towards Parliament against SC's stray dogs order
9. India's most wanted arms smuggler 'Salim Pistol', brought to India










स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक